# नापासर से रामसर तक 10 किलोमीटर लम्बी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने नापासर में करीब 8 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



**खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने नापासर में सड़क शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया।**

- **नापासर में करीब 8 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास**
- **गोदारा ने नापासर में प्रथम एवं द्वितीय जीएसएस में 5-5 मेगा वोल्ट एम्पीयर की क्षमता वृद्धि के ट्रांसफार्मर का लोकार्पण भी किया**

नापासर के मुख्य बाजार स्थित नेताजी मूर्ति के पास शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में उन्होंने नापासर से रामसर तक 10 किलोमीटर लम्बी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग पर यह सड़क स्वीकृत करवा प्राथमिकता से निर्माण कार्य आरंभ किया गया है। इस पर 6 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत आयेगी। गोदारा ने श्रीराम कुएं से देशनोक बाईपास तक 60 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास भी किया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण और नगरीय निकाय क्षेत्र के ढांचागत विकास की मजबूती में सड़कों की अहम भूमिका को देखते हुए यहां 7 करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से इन सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है। नगर पालिका के विकास के लिए अब तक 9 करोड़ 12 लाख रूपए से अधिक की लागत के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से कई कार्य प्रारम्भ करवा दिए गए हैं। बकाया कार्य जल्दी शुरु करवाए जायेंगे।

गोदारा ने नापासर में प्रथम एवं द्वितीय जीएसएस में क्रमशः 5-5 मेगा वोल्ट एम्पीयर की क्षमता वृद्धि के ट्रांसफार्मर का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नगर पालिकाओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों के सुनियोजित और समयबद्ध विकास के लिए रणनीतिक रूप से कार्य कर रही है। आवश्यकता के अनुसार प्राथमिकता से काम स्वीकृत किए गए हैं।

इस अवसर पर पीएचईडी के अधिशासी अभियंता गिरधारी सियाग, सहायक अभियंता ओम जाखड़, कनिष्ठ अभियंता रविन्द्र चौधरी तथा निखिल आचार्य, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता कमल कुमार खत्री, सहायक अभियंता संजू, हेमंत सिंह, कल्याणसर सरपंच हीरालाल, जसवंत दैया, डूंगर दानन बिट्ठू, चम्पालाल पारीक, महेश पारीक, भंवर ढाका, दीनदयाल नाई, सोहन नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

गोदारा ने बताया कि नगर पालिका में विधायक निधि से 43.30 लाख रूपए के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 9 लाख 90 हजार रूपए की लागत से कुम्भार समाज का सर्व समाज सामुदायिक भवन, सर्वे समाज बिश्नोई समाज श्मशान भूमि की चारदीवारी पर 4.95 लाख, चुंगी चौकी के पास यात्री बस स्टैंड कार्य पर 4.50 लाख , मुख्य बाजार में शौचालय निर्माण पर 9.95 लाख, राजीव गांधी स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट पर 7 लाख तथा आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में कंप्यूटर लैब के लिए 7 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

वोल्टेज उतार चढ़ाव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए नये ट्रांसफार्मर लगवाए जा रहे हैं। इसके तहत जसनाथजी की बाडी, बिच्छू जी कारखाना, नेहरू चौक, लक्ष्मी पैलेस गोयल मोहल्ला, हरिरामपुरा में 100 - 100 केवी क्षमता के तथा खेतवाल जी के मंदिर के पास 63 केवी क्षमता के नये ट्रांसफार्मर स्वीकृत किए गए हैं।

नगर पालिका में स्वीकृत अन्य सड़कों में हास्पीटल चौराहे से हरिजन मोहल्ला होते हुए सीथल रोड़, एसबीआई बैंक चौराहे से पाबूजी मंदिर होते हुए 1.5 किलोमीटर लम्बाई में रामसर रोड़ का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है ।

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा भार्गव मोहल्ला एससी बस्ती में ओएचएसआर में पाइपलाइन, जल हौद, पंप हाउस निर्माण के कार्य करवाये जा रहे हैं। इस कार्य 94.11 लाख रूपए की लागत आयेगी। इसकी अतिरिक्त एक ट्यूबवैल निर्मित करवा दिया गया है तथा दो नये ट्यूबवैल स्वीकृत किए गए हैं।

गोदारा ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से नगर पालिका वासियों को सुगम आवागमन सुविधा के साथ पानी, बिजली आपूर्ति में आ रही समस्याओं से निजात मिल सकेगी।

## शिविर में 361 लोग लाभान्वित

**नोखा,** (कासं)। नोखा में दो दिवसीय निःशुल्क मधुमेह, डायबिटीज परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन माहेश्वरी भवन में किया गया।

सभा अध्यक्ष भंवरलाल बाहेती ने बताया कि इस कैम्प में 361 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ एवं सभी का परामर्श किया गया। रविवार को सुबह 10.30 बजे से 12 बजे तक डॉ. सुधीर भंडारी, जयपुर द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। उसके बाद 11:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक डॉ. सुधीर भंडारी द्वारा व्यक्तिगत परामर्श और उपचार किया गया। बीकानेर जिला माहेश्वरी सभाध्यक्ष ललित झंवर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर, नगर पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर, उपाध्यक्ष निर्मल भूरा, डॉ. सीताराम पंचारिया, गोपीकिशन तिवाड़ी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

व्यवस्थाओं में आसकरण भट्टड़, किशनगोपाल चितलांगिया, पुरषोतम तापड़िया, डॉ. बृजमोहन तापड़िया, डॉ. सुनील बोथरा, डॉ. राधेश्याम लाहोटी, मनोज राठी, हरि डागा, किसन तापड़िया, लक्ष्मीकांत राठी, मूलाराम उपाध्याय, मनीष ओझा, महावीर तापड़िया, अंकित तोषनीवाल, जगदीश राठी, गोपाल चाण्डक, बाबूलाल मालाणी, उमेश राठी, ओम खीचड़, राजू दिलोइया, पंकज चाण्डक, ओमप्रकाश पारीक, अशोक लाहोटी, केशव करवा, पंकज भट्टड़, किशन राठी, उमाशंकर मल, दिनेश तापड़िया, राम राठी, राकेश तापड़िया, मनीष तापड़िया, राघव तापड़िया, किशन लोहिया, माधव झंवर, सत्यनारायण राठी, मनफूल पटवारी, कमल कोठारी, लीलाधर राठी सहित संगठनों के पदाधिकारियों व नोखा नगरवासियों ने सहयोग किया।

## सार-समाचार

### यज्ञ के साथ स्थापना दिवस मनाया



**भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि परिवार के स्थापना दिवस पर वैदिक यज्ञ में आहुतियां देते यजमान।**

**बीकानेर,** (कासं)। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि परिवार के द्वारा स्वदेशी वैदिक संस्कृति, योग, आयुर्वेद के निष्काम सेवा साधना एवं संघर्ष का 30वां स्थापना दिवस अग्रवाल चेतना भवन, जयनारायण व्यास कॉलोनी बीकानेर में मनाया गया। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान के सह प्रभारी सी. डी. सागर, युवा भारत के जिला प्रभारी भवानीशंकर, युवा भारत के सह प्रभारी नंदकिशोर गहलोत, जयचंद उपाध्याय, लक्ष्मण मोदी, मदन मारू, हरीश बिश्नोई, मोतीलाल सोनी, रणवीर, जयकिशन तर्ड, महावीर भादू, राजेश मिड्ढा, नवीन गुप्ता, चेतराम, महेन्द्र, महिलाओं में संतोष कंवर, सरस्वती बिश्नोई, रितु मित्तल, राजबाला, कमलेश मिड्ढा, सुंदर सियाग, सुनिता, गीता पूनिया, लक्ष्मी विश्नोई आदि की उपस्थिति रही। स्थापना दिवस पर आज सभी योग साधकों ने मिलकर के योग शिविर के तहत वैदिक मंत्रों की आहुतियों के साथ वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। नंदकिशोर गहलोत ने बताया कि आज पतंजलि के सभी संगठनों ने मिलकर के योग आयुर्वेद स्वदेशी के संकल्प को साकार करने हेतु जन जागरूकता अभियान का आगाज़ किया। उपस्थित सभी योग साधना ने स्वदेशी का संकल्प लेकर के निष्काम सेवा का व्रत लिया। इसके बाद यज्ञ भगवान की आरती की गई।

### बैडमिंटन चैम्पियनशिप 9 से




**राजस्थान स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन चैम्पियनशिप के बारे में पत्रकार वार्ता को वी. आर. राठौड ने संबोधित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। डॉ. करणी सिंह प्रतिभा खोज संस्थान राजस्थान स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2025 की मेजबानी को लेकर उत्साहित है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता राजस्थान बैडमिंटन संघ और जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में 09 से 12 जनवरी तक करणी सिंह स्टेडियम बैडमिंटन इंडोर हॉल में आयोजित की जायेगी। विभिन्न आयु वर्ग में राज्यभर से चार सौ से अधिक खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। गौरतलब है कि इस चैम्पियनशिप का आयोजन पिछली बार 2017 में हुआ था। इस बार यह आयोजन और भी भव्य होने की उम्मीद है, जिसमें 35 से 75 वर्ष की उम्र के खिलाड़ी विभिन्न श्रेणियों में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में पुरूष और महिला एकल, युगल और मिश्रित युगल मैच शामिल होंगे। चैम्पियनशिप की खासियत यह है कि इसमें न केवल खेल प्रतिभा का प्रदर्शन होगा बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए प्रतिभागियों को एक-दूसरे से जुड़ने और दोस्ती करने का अवसर भी मिलेगा। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे।

### खेल मैदान की सफाई की



**टीम ऑवर फॉर नेशन ने राजीव मार्ग स्थित क्रीड़ा संगम के बॉस्केट बॉल मैदान में कीकर-झाड़ों की सफाई की।**

**बीकानेर,** (कासं)। टीम ऑवर फॉर नेशन ने लगातार दूसरे रविवार श्रमदान करके राजीव मार्ग स्थित क्रीड़ा संगम के बॉस्केट बॉल मैदान को पूर्णतया झाड़ मुक्त कर दिया। कुल लगभग 3 घंटे का श्रमदान हुआ और बच्चो के लिए साफ सुथरा मैदान तैयार हो गया। कुल 3 ट्रेक्टर ट्रॉली कचरा निकाला और मैदान से कीकर आदि के झाड़ को बिल्कुल हटा दिया। खेलते समय बॉल झाड़ियों में जाने से पंक्चर हो जाती थी। कई बार खिलाड़ी चोटिल हो जाते थे। सांप बिच्छू का डर बना रहता था। रविवार सुबह कोहरा था लेकिन टीम सदस्य समय पर श्रमदान के लिए पहुंच गए। आज के सफाई अभियान में सीए सुधीश शर्मा, वसीम राजा, डॉ फारूक, गजेंद्र सरीन, सुशील यादव, अरूण चम, मो. हसन, बसंत, गौतम, माणक व्यास, भवानी सिंह राजपुरोहित, शनील खान एवं कर्मचारी नेता रमेश उपाध्याय शामिल हुए।

# बोर्ड प्रैक्टिकल में परीक्षक अब लैब से लोकेशन के साथ भेजेंगे फोटो

- **इस बार प्रैक्टिकल लेने वाले परीक्षक को निर्देश दिए गए हैं कि वे मौके से फोटो लोकेशन सहित भेजेंगे ताकि ये सुनिश्चित हो सके कि परीक्षक वहां पहुंचे और स्टूडेंट्स का एग्जाम लिया**

**बीकानेर,**(कासं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से जुड़े स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षा लेने आने वाले परीक्षक को अब लैब से लोकेशन के साथ खुद की व स्टूडेंट्स की फोटो बोर्ड की अधिकारिक मेल आईडी पर भेजनी होगी। फिर समस्त दस्तावेजों का रिकॉर्ड संधारित रखने की जिम्मेदारी बोर्ड की होगी।

नई व्यवस्था से परीक्षक की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आयेगी। दूसरी तरफ बोर्ड भी स्कूलों में लैब की स्थिति पर फोकस रखेगा। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 12वीं में प्रैक्टिकल एग्जाम 9 जनवरी से शुरू हो रहे हैं। अलग-अलग विषयों के 13 लाख स्टूडेंट्स हैं। जबकि विज्ञान-भूगोल विषयों में छह लाख स्टूडेंट्स प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होंगे। सभी तैयारियां की जा रही है। जरूरी सामग्री भी तय समय पर केन्द्र को भिजवा दी जायेगी। परीक्षक परीक्षा लेने के लिए जायेंगे, उनको निर्देश दिए गए हैं कि बोर्ड के निर्देश की पालना सुनिश्चित करें। इस बार प्रैक्टिकल लेने वाले परीक्षक को निर्देश दिए गए हैं कि वे मौके से फोटो लोकेशन सहित भेजेंगे ताकि ये सुनिश्चित हो सके कि परीक्षक वहां पहुंचे और स्टूडेंट्स का एग्जाम लिया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी के स्तर पर भी उड़नदस्ते गठित किए गए हैं, जो निरीक्षण करेंगे। इससे परीक्षा की विश्वसनीयता बनी रहेगी। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्री ने अजमेर स्थित बोर्ड ऑफिस में 19 दिसम्बर को लेकर मीटिंग ली थी। उन्होंने बिना कॉपी जांचें अंक देने के मामले को लेकर नाराजगी जताई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा था कि इस तरह पुनरावृति दोबारा नहीं होनी चाहिए। इस व्यवस्था को फुल प्रूफ बनाया जाए ताकि कोई शिक्षक आगे से इस तरह की लापरवाही नहीं कर सकें।

जेईई व नीट की कोचिंग के साथ डमी स्कूलिंग के बढ़ते चलन के कारण से बोर्ड के प्रैक्टिकल एग्जाम में लम्बे समय से फर्जीवाड़े की शिकायतें सामने आ रही थी। स्कूलों में परीक्षकों की खातिरदारी करके ही प्रैक्टिकल एग्जाम की औपचारिकता निभाई जा रही थी।

## 300 नेत्र रोगियों की जांच

**बीकानेर,**(कासं)।महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन बीकानेर ग्रेटर के तत्वावधान में एएसजी नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से रविवार को आडसर पुरोहितान ग्राम पंचायत के जगदम्बा भवन में निःशुल्क स्व. गोपाल सिंह राजपुरोहित स्मृति नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन प्रमुख समाजसेवी एवं मीसो के अध्यक्ष डॉ. नरेश गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. गोयल ने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति को सहयोग करना प्रत्येक व्यक्ति और स्वयंसेवी संस्था की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सेवा करने वाला भी भामाशाह ही होता है। शिविर संयोजक एडवोकेट महेन्द्र जैन ने बताया कि डॉ.अभिजीत बेनीवाल एवं उनकी टीम द्वारा 300 से अधिक नेत्र रोगियों के आंखों की जांच के बाद जरूरतमंद को निशुल्क चश्मा एवं दवाईयां उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि आधुनिक मशीनों से नेत्र जांच की गई।

# गीता का ज्ञान दूर करेगा पुलिसकर्मियों का तनाव

- **पुलिसकर्मियों के तनाव को दूर करने और जेल के बंदियों में सुधार के लिए उन्हें गीता के श्लोक से समझाने का निर्णय लिया**

**बीकानेर,** (कासं)। जीवन में तनाव कम करने के लिए आस्था का सहारा लिया जायेगा। बीकानेर रेंज के चारों जिलों में पुलिसकर्मियों और जेल के बंदियों को गीता का ज्ञान दिया जायेगा।

पुलिस महकमे की ओर से नए साल में यह नई शुरूआत की गई है। अधिकारियों का मानना है कि इससे बंदियों का मन शांत होगा और पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली में सुधार आयेगा। काम का दबाव, अधिकारियों का गुस्सा, विपरीत हालात और अन्य कारणों से पुलिसकर्मी तनाव में रहते हैं। इस कारण वे सामान्य बर्ताव नहीं कर पाते, जिसका असर उनके काम और ड्यूटी पर पड़ता है।

जेल में बंदियों ने भी कोई ना कोई अपराध किया होता है। तभी वे जेल पहुंचते हैं। बीकानेर रेंज के बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ चारों जिलों में पुलिसकर्मियों के तनाव को दूर करने और जेल के बंदियों में सुधार के लिए उन्हें गीता के श्लोक से समझाने का निर्णय लिया गया है। श्रीकृष्ण भावना अमृत संघ (इस्कॉन) की ओर से एक-डेढ़ घंटे का कार्यक्रम आयोजित कर गीता के श्लोक के जरिये पुलिसकर्मियों और बंदियों को तनाव दूर करने और अपराध जगत से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया जायेगा। पुलिसकर्मियों को गीता के वे श्लोक और उनका अर्थ समझाया जायेगा जो तनाव दूर करते हैं।

# दस हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

- **इनामी बदमाश भींयाराम पर चोरी और लूट के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं**

**बीकानेर,** (कासं)। मुक्ता प्रसाद नगर थाने व साइबर सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दस हजार रूपए के इनामी बदमाश भींयाराम उर्फ भीमला को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ चोरी और लूट के आधा दर्जन मामले अलग-अलग थानों में दर्ज है।

बीछवाल पुलिस की इस कार्रवाई में साइबर सेल की बड़ी भूमिका रही, जिसने बदमाश की हरकतों पर कई दिनों तक नजर रखी। एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि मुक्ता प्रसाद नगर थाना और साइबर सेल ने मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

भींयाराम पर दस हजार रूपए का इनाम था। चाकू की नोक पर लूट प्रकरण में उसकी तलाश की जा रही थी। भीमला के खिलाफ चूरू, नागौर, बाड़मेर व बीकानेर में कुल 13 प्रकरण दर्ज है। आरोपी से की जा रही गहनता से पूछताछ करने पर उसने चोरी की कई वारदातें खुल सकती है। एसपी ने बताया कि करणी रीको इंडस्ट्रीयल एरिया में फैक्ट्री श्रीराम एंटरप्राइजेज में काम करने वाले पीड़ित 16 अक्टूबर की शाम को मोटरसाईकिल लेकर घर जा रहा था। विनायक इंडस्ट्रीज के आगे पहुंचा तो पीछे से दो अज्ञात व्यक्ति बाइक पर आये। चाकू से हमला करके रुपयों से भरा बैग व पर्स छीन लिया।

## महिला रेजिडेंट्स के लिए रात्रि शटल सेवा शुरू

**बीकानेर,**(कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल में महिला रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए शटल सेवा शनिवार रात से शुरू हो गई। प्रदेश में यह पहला मेडिकल कॉलेज है जहां महिला रेजिडेंट के लिए रात्रिकालीन वाहन सेवा शुरू की गई है।

मेडिकल कॉलेज में करीब दो सौ से अधिक महिला रेजिडेंट हैं, जिन्हें अब रात के समय ड्यूटी पर आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। पीबीएम के पीबीएक्स पर कॉल करते ही गाड़ी उन्हें लेने के लिए हॉस्टल या घर पहुंच जायेगी। रात में ड्यूटी खत्म होने के बाद भी महिलाएं गाड़ी से जा सकेंगी। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने महिला डॉक्टरों के लिए सुरक्षा की मांग की थी। मांग पत्र में महिला रेजिडेंट डॉक्टरों की सुरक्षा बड़ा मुद्दा था।

# ग्राम पंचायत की भूमि पर कब्जा कर निर्माण को रोकने की मांग

- **पंचायत की सरकारी जमीन पर आसोपा ट्रस्ट द्वारा कब्जा कर कुछ निर्माण कार्य करवाने का आरोप**

**बीकानेर,** (कासं)। उदयरामसर ग्रामवासियों की मीटिंग आज उप सरपंच हेमन्त सिंह यादव के नेतृत्व में पंचायत भवन में आयोजित की गई जिसमें ग्राम पंचायत की भूमि को संरक्षित करने की मांग की।

मीटिंग में गांव के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने एकत्रित होकर उप सरपंच को बताया कि गांव की पंचायत की सरकारी जमीन पर आसोपा ट्रस्ट द्वारा कब्जा किया जा रहा है तथा कुछ निर्माण कार्य भी करवाया जा रहा है, जिसे रोका जाना चाहिए। ग्राम पंचायत की भूमि को संरक्षित किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि इस भूमि के संरक्षण के लिए सम्पूर्ण ग्रामवासी तन मन धन से तैयार है तथा प्रशासनिक और न्यायिक प्रक्रिया के लिए उप सरपंच हेमन्त यादव से आग्रह किया। ग्रामीणों के आग्रह पर संज्ञान लेते हुए उप सरपंच यादव ने निर्माण कार्य रूकवाने एवं प्रशासनिक कार्यवाही करने के लिए एक कमेटी का गठन किया। साथ ही ग्रामीणों में से सरकारी भूमि को कब्जामुक्त करवाने के लिए एक संघर्ष समिति का आगामी समय में गठन करने का निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया गया। यादव ने कहा कि यदि प्रशासन आगामी 15 दिवस में अवैध निर्माण को नहीं हटाता है तो आगामी समय में आंदोलन करने की रणनीति बनाकर संघर्ष को ओर तेज किया जायेगा। जिसमें पूरे बीकानेर जिले की जनता को साथ लेकर बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया जायेगा।

ज्ञातव्य है कि उदयरामसर ग्राम पंचायत द्वारा 2011 में इसी सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण व कब्जा करने के विरूद्ध राजस्थान रेवेन्यू बोर्ड से स्टे लिया गया था। उसके बावजूद जमीन पर तारबंदी व कमरों का निर्माण हो रहा है।

# बीकानेर के विकास में सरकार के साथ भामाशाहों का योगदान महत्वपूर्ण : जेठानंद

**बीकानेर,** (कासं)। वर्ष 2030 तक शहर के सर्वांगीण विकास के मद्देनजर बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने रविवार को विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से सुझाव लिए।



**बीकानेर-2030 संवाद श्रृंखला में विधायक जेठानंद व्यास ने विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से संवाद कर सुझाव लिए।**

- **बीकानेर 2030 संवाद के तहत विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से लिए सुझाव**

बीकानेर-2030 संवाद श्रृंखला की पहली कड़ी में जिला उद्योग संघ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि उनका संकल्प है कि अगले छह वर्षों में बीकानेर को विकसित क्षेत्र बनाएं जहां सभी सुविधाएं हों। इसके लिए विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों के सुझाव बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि सभी सुझावों का संकलन करते हुए राज्य के बजट में चरणबद्ध तरीके से स्वीकृत करवाने के प्रयास होंगे। वहीं अन्य कार्य भामाशाहों और दानदाताओं के सहयोग से करवाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि बीकानेर में उद्योग, शिक्षा, चिकित्सा, खेल, पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसके मद्देनजर कार्य करवाए जायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने हवाई सेवा के विस्तार, मेगा फूड पार्क, ड्राई पोर्ट तथा पीबीएम अस्पताल में प्रशासक नियुक्त करने का सुझाव दिया। सचिव वीरेंद्र किराडू ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली ने किया। संवाद के दौरान युवा उद्यमी आशीष अग्रवाल ने औद्योगिक क्षेत्र में सीटीपी बनवाने, साहित्यकार राजेंद्र जोशी ने शहर में लोक सांस्कृतिक केन्द्र बनाने और विद्यार्थी परामर्श केन्द्र स्थापित करने, राजुवास के प्रो. वीसी प्रो. हेमंत दाधीच ने मिल्क टेस्टिंग लेब स्थापित करने, शिक्षाविद मनोज बजाज ने एजुकेशन सिटी स्थापित करने, भूपेंद्र मिड्ढा ने स्टार्ट अप को प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। लंदन में रहने वाली प्रवासी बीकानेरी सविता आसोपा ने मेरा मोहल्ला- मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम चालू करने का सुझाव दिया।

## सी.यू.ई.टी. के रजिस्ट्रेशन शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम (सीयूईटी) पोस्ट ग्रेजुएशन के एंट्रेंस एग्जामिनेशन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। उम्मीदवार एक फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। दो फरवरी तक आवेदन शुल्क जमा करवाया जा सकेगा।

पांच फरवरी तक स्टूडेंट्स को करेक्शन का मौका दिया जायेगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से 13 से लेकर 31 मार्च तक परीक्षा आयोजित की जायेगी। इस साल प्रत्येक कैटेगरी में 200 रूपए की शुल्क वृद्धि की गई है। सामान्य वर्ग में दो पेपर कॉम्बिनेशन की परीक्षा देने वाले को 12 सौ की जगह 1400 रूपए देने होंगे।

अतिरिक्त विषय लेने पर स्टूडेंट्स को 500 सौ के स्थान पर 700 रूपए अतिरिक्त देने होंगे। इस साल भारत में परीक्षा शहर कम करके 285 कर दिए हैं, जबकि विदेशों में सेंटर्स की संख्या बढ़ाई गई है। परीक्षा की समय सीमा भी कम कर दी है। पहले दो घंटे का एग्जाम होता था, जिसका समय अब 1:45 घंटे कर दिया है।

# ट्रांसफर में अब वाहन लाने की जरूरत नहीं

- **वाहनों के ट्रांसफर के समय भौतिक सत्यापन के लिए वाहन ले जाने की अनिवार्यता खत्म**

**बीकानेर,** (कासं)। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने नोटिफिकेशन (अधिसूचना) जारी कर अब रोस्टर करने वाले परिवहन निरीक्षकों के सामने स्वामित्व हस्तांतरण अर्थात वाहन ट्रांसफर करवाते समय फिजिकल रूप में भौतिक सत्यापन करवाने के लिए मोटर वाहन ले जाने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है।

कल उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा की अध्यक्षता में संयुक्त शासन सचिव रेणु खंडेलवाल ने पिछले साल बजट घोषणा में राज्य सरकार द्वारा वाहनों के ट्रांसफर के समय भौतिक सत्यापन हटाने संबंधी पालना का अनुसरण करते हुए अधिसूचना जारी कर दी।

जिसमें केवल अलग से बॉडी निर्मित अथवा अन्य राज्यों से खरीदे गए वाहनों कार, जीप, ट्रक, बस, ट्रैक्टर आदि का ही रोस्टर अधिकारी अथवा परिवहन निरीक्षक फिजिकल भौतिक सत्यापन कर सकेंगे। स्थानीय अथवा राज्य अंतर्गत क्रय विक्रय किए गए वाहनों के भौतिक सत्यापन की कोई आवश्यकता नहीं होगी।

यह स्पष्ट कर दिया गया है। इससे उन वाहन मालिकों को फायदा होगा जिनको लम्बी दूरी तय करके वाहन ट्रांसफर के समय अपना वाहन भौतिक सत्यापन के लिए संबंधित डीटीओ या आरटीओ कार्यालय ले जाना पड़ता था। अब वाहन स्वामी सेल लेटर संबंधी आवेदन पत्र वाहन 4.0 पोर्टल पर जाकर दस्तावेज ओर शुल्क जमा करवाकर ही अपना वाहन ट्रांसफर करवा सकेगा। उसे बार- बार परिवहन विभाग के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।